# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 21 अप्रैल 2025








GET IT ON
Google Play

Download App

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. जयपुर राजघराने के ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की मोम की प्रतिमा कहां लगाई जाएगी?

(a) नाहरगढ़ वैक्स म्यूजियम
(b) आमेर वैक्स म्यूजियम
(c) जगत पैलेस उदयपुर
(d) इनमें से कोई नही

♦जयपुर राजघराने के गौरव और महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की मोम की प्रतिमा अब नाहरगढ़ स्थित जयपुर वैक्स म्यूजियम में दर्शकों को देखने को मिलेगी।

♦उनकी 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 16 अप्रैल को प्रतिमा के 'क्ले फेस' का फर्स्ट लुक जारी किया गया।

♦यह स्टैच्यू म्यूजियम के "रॉयल दरबार सेक्शन" का हिस्सा होगा, जहां पहले से ही राजस्थान के ऐतिहासिक राजाओं की प्रतिमाएं लगी हुई हैं।

♦ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह भारत-पाक युद्ध में उनकी वीरता के लिए जाने जाते हैं। उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था

**01. राजस्थान में जयपुर की 11 वर्षीय सौम्या चौधरी ने ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की रैंकिंग में कौनसा स्थान प्राप्त किया है?**



(A) पहला

**(B) दूसरा**

(C) तीसरा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में जयपुर की 11 वर्षीय सौम्या चौधरी ने अपनी मेहनत और लगन से टेनिस की दुनिया में बड़ा मुकाम हासिल किया है.

♦अंडर-12 कैटेगरी में ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की रैंकिंग में दूसरा स्थान पाकर सौम्या ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है, उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें भारतीय टीम में जगह दिलाई है.

♦अब सौम्या 26 से 30 मई 2025 तक पाकिस्तान के इस्लामाबाद में होने वाली साउथ एशिया टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी.

♦सौम्या मूल रूप से झुंझुनू जिले के बड़वासी गांव की हैं,

**02. हाल ही में किस देश के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 22 अप्रैल को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले बिजनेस समिट में शामिल होंगे?**

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) सिंगापुर

(C) आस्ट्रेलिया

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦♦संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 22 अप्रैल को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिजनेस समिट में शामिल होंगे.

♦संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आ रहे है

♦24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे. इस दौरान वे आमेर किला, जयपुर सिटी पैलेस सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे

♦बिजनेस समिट में वेंस भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर अपने विचार साझा करेंगेइससे पहले वर्ष 2013 में जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में भारत आए थे

03. हाल ही में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सेना के जवानों के लिए राष्ट्रीय 'सेल्फ एम्पॉवरमेंट कैंपेन' की औपचारिक शुरुआत कहां से करेंगे?

(a) राजस्थान

(b) गुजरात

(c) पंजाब

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 21 अप्रैल को राजस्थान से ब्रह्माकुमारीज संस्थान, (माउंटआबू) में  सेना के जवानों के लिए राष्ट्रीय 'सेल्फ एम्पॉवरमेंट कैंपेन' की औपचारिक शुरुआत करेंगे

♦इस अभियान का उद्देश्य भारतीय सेना के जवानों का मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण करना है।

♦इस अवसर पर सेना और ब्रह्माकुमारीज संस्थान के बीच एक एमओयू (MoU) भी साइन किया गया है

♦अभियान को देशभर में फैले सेना की 40 डिविजन और 14 कोर में लागू किया जाएगा

04. राजस्थान रॉयल्स से IPL इतिहास के सबसे युवा डेब्यू करने वाले खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी मूल रूप से किस राज्य के हैं?



(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) बिहार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ चर्चित खिलाड़ी – वैभव सूर्यवंशी (IPL 2025)

♦ सबसे युवा खिलाड़ी: 14 साल 23 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी IPL इतिहास के सबसे युवा डेब्यू खिलाड़ी बने।

♦वैभव सूर्यवंशी का संबंध बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गांव से है

♦राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें ₹1.1 करोड़ में खरीदा।

♦ वैभव ने प्रयास रे बर्मन (16 साल 157 दिन, RCB) का सबसे युवा खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड तोड़ा।

05. राजस्थान से किसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है?

(A) डॉ. अजय सारण

(B) डॉ. मांगी लाल जाट

(C) डॉ. प्रमोद तिवारी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥ कृषि विज्ञानी एवं वर्तमान में इक्रीसेट में डीडीजी (रिसर्च) डॉ. मांगी लाल जाट को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) का महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेअर) का सचिव नियुक्त किया गया है।

♦डॉ. मांगी लाल जाट मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं कृषि विज्ञानी के रूप में जाट का लंबा अनुभव है। नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट में उन्होंने ग्लोबल लीडर के रूप में पहचान बनाई है।

♦आइसीएआर में वह हिमांशु पाठक की जगह लेंगे, जिन्हें हाल में ही अंतरराष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

**06. देश में रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने में कौनसा राज्य सबसे अग्रणी है?**

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) गुजरात

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान, देश में रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र को लगाने में सबसे अग्रणी राज्य है।

♦राज्य के 275 रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र किए गए हैं,जो देश में सबसे ज़्यादा है। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2 अप्रैल 2025 को लोकसभा में दी।

♦भारत सरकार के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान देश में 25 गीगावाट (जी डबल्यू) अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा जोड़ी गई, जिसमें से 6 गीगावाट, सौर ऊर्जा थी।

♦31 मार्च 2025 तक देश में कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता बढ़कर 21 गीगावाट हो गई है।


07. राजस्थान सरकार के द्वारा गठित राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति का अध्यक्ष किसे बनाया गया है?

(a) निर्मल कुमार

(b) रामलुभाया

(c) डॉ. ललित के. पंवार

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➡ राजस्थान में राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति State Administrative Unit Reorganisation Advisory Committee का गठन किया गया है

♦इसमें अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार, सेवानिवृत्त आई.ए.एस.को बनाया गया है जबकि इस समिति में इसमें दो सदस्य और एक सदस्य सचिव है

♦ राज्य में प्रशासनिक राजस्व इकाईयों के गठन एवं इनकी समीक्षा करने तथा इनकी सीमाओं/क्षेत्राधिकार में परिवर्तन सम्बन्धी अनुशंषा करने हेतु इस समिति का गठन किया गया

08. अजमेर में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों के लिए स्वाभिमान भोज रसोई का शुभारंभ किसने किया?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) दीया कुमारी

(C) वासुदेव देवनानी

(D) इनमें से कोई नहीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अग्रणी संस्था जवाहर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष उद्योगपति एवं समाजसेवी रिजु झुनझुनवाला की अनुकरणीय पहल पर अजमेर संभाग के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों के लिए स्वाभिमान भोज रसोई का 22 फरवरी को शुभारंभ हो गया.

♦राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रसोई का शुभारंभ किया.

♦चिकित्सालय में दूरदराज से आने वाले मरीजों के परिजनों को एक रुपये में शुद्ध, सात्विक एवं पौष्टिक भरपेट खाना उपलब्ध कराएगी.

09. नई दिल्ली स्थित नेशनल डोप टेस्टिंग लैबोरेटरी (NDTL) में एथलीट पासपोर्ट मैनेजमेंट यूनिट (APMU) का उद्घाटन किसने किया?

(a) डॉ. मनसुख मंडाविया

(b) नरेंद्र मोदी

(c) अमित शाह

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥ 17 अप्रैल को केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली स्थित नेशनल डोप टेस्टिंग लैबोरेटरी (NDTL) में एथलीट पासपोर्ट मैनेजमेंट यूनिट (APMU) का उद्घाटन किया।

♦यह पहल भारत के एंटी-डोपिंग प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत देती है, जिससे देश अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होता है और निष्पक्ष, स्वच्छ और नैतिक खेलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

♦ यह पहल भारत के एंटी-डोपिंग प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत देती है, जिससे देश अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होता है और निष्पक्ष, स्वच्छ और नैतिक खेलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

**10. मोहन बागान सुपर जायंट ने किस टीम को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (ISL) 2024-25 का खिताब है?**

(a) एफसी गोवा

(b) बेंगलुरू एफसी

(c) नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥ कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में 13 अप्रैल 2025 को मोहन बागान सुपर जायंट ने बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (ISL) 2024-25 का खिताब अपने नाम किया।

♦यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक रही पहली बार किसी टीम ने घरेलू मैदान पर ISL फाइनल जीता, और मोहन बागान पहली टीम बनी जिसने लीग शील्ड और ISL ट्रॉफी दोनों एक ही सीज़न में अपने नाम की।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में किस राज्य में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू की जा रही है?**

(a) राजस्थान

(b) उत्तरप्रदेश

(c) मध्यप्रदेश

(d) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine